सार-समाचार

सात दिवसीय शिविर का समापन

छबड़ा (निसं)। अमरचंद राजकुमारी बरडिया जैन विश्व भारती स्नातकोत्तर महाविद्यालय छबड़ा में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई का सात दिवसीय विशेष शिविर के समापन समारोह का आयोजन किया गया। महाविद्यालय में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. बिरधी लाल बैरवा ने बताया कि सात दिवसीय विशेष शिविर के समापन समारोह की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.आरसी मीणा ने की तथा मुख्य अतिथि रामसिंह गुर्जर उप जिला कलेक्टर तहसील छबड़ा रहे तथा विशिष्ट अतिथि संदीप बरडिया संरक्षक महाविद्यालय विकास समिति रहे। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि संदीप बरडिया ने राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के सभी स्वयंसेवकों और सेविकाओं को अपने जीवन में समाज की सेवा में हमेशा तत्पर रहने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि राम सिंह गुर्जर उप जिला कलेक्टर छबड़ा ने अपने उद्बोधन में सभी स्वयंसेवकों को स्वयं के जीवन से संबंधित जानकारी देते हुए कहा कि मैं स्वयं एक ग्रामीण क्षेत्र से रहा हूं मैंने भी अपने जीवन में बहुत संघर्ष किया है, छोटी-छोटी चीजों को अपनाकर जीवन में एक निश्चित लक्ष्य बनाकर मैंने पढ़ाई की है। उप जिला कलेक्टर गुर्जर ने कहा कि सर्वप्रथम मुझे नेवी में नौकरी मिली,उसके बाद बीएसएफ में नौकरी की, फिर समाज कल्याण अधिकारी बना फिर भी मैंने तैयारी की और अंत में मैं प्रशासनिक अधिकारी बना। अर्थात आप सभी लोगों को कठिन मेहनत करके और अपने जीवन में एक निश्चित लक्ष्य बनाकर अपने जीवन में सफलता प्राप्त करनी है। इस अवसर पर उप जिला कलेक्टर ने कहा कि आप सभी स्वयंसेवक जो ग्रामीण क्षेत्र के निवासी है वह कभी यह नहीं सोचे कि हम कुछ नहीं कर सकते आप सब कुछ कर सकते हैं बश शर्त है कि आप अपने जीवन में कठिन मेहनत करके पढ़ाई करें और अपने जीवन में आगे बढे।

आयुक्त ने थैलों का वितरण किया

कोटा, (निसं)। स्वच्छता सर्वेक्षण 2025 के तहत सिंगल यूज प्लास्टिक की रोकथाम के लिए नगर निगम कोटा उत्तर के आयुक्त अशोक त्यागी के नेतृत्व में निगम टीम द्वारा बुधवार को कपड़ों से बने थैलों का वितरण किया और लोगों को सिंगल यूज प्लास्टिक उपयोग नही करने के लिए समझाईश की। थैलों के वितरण के दौरान स्लोगन के माध्यम से कपड़े से बने थैलों की उपयोगिता व लाभ के बारे में बताया गया। नगर निगम कोटा उत्तर के आयुक्त अशोक त्यागी ने बताया कि स्वच्छता सर्वेक्षण एवं पर्यावरण सरंक्षण के तहत निगम उत्तर में स्थित बालिता रोड सब्जीमंडी क्षेत्र के दुकानदारों, फुटकर व्यापारियों एवं ग्राहकों को सिंगल यूज प्लास्टिक उपयोग नही करने के लिए समझाईश की गई। इस दौरान व्यापारियों व लोगों को समूह की महिलाओं द्वारा कपड़ों से बने 500 थैलों का वितरण किया गया। इस मौके पर निगम की टीम के सदस्यों द्वारा हाथ में लिए बेनर पर लिखे स्लोगन-"कपड़े की थैली है सच्ची सहेली" व "सब्जी-फल, दूध-किराना पॉलिथीन में कभी ना लाना" इत्यादि स्लोगनो के माध्यम से जागरूकता का संदेश दिया गया। आयुक्त त्यागी ने बताया कि कपडे से निर्मित बने थैलों के वितरण के दौरान लोगों को सिंगल यूज प्लास्टिक के हानिकारक प्रभाव के बारे में समझाईश की गई और सिंगल यूज प्लास्टिक की जगह पर कपड़े से बने थैलों को उपयोग करने के लिए प्रेरित किया गया।

सीएचसी मण्डाना का निरीक्षण किया

रामगंजमंडी (निसं)। सीएमएचओ डॉ नरेन्द्र नागर ने बुधवार को सीएचसी मण्डाना का निरीक्षण किया। इस दौरान डिप्टी सीएमएचओ परिवार कल्याण डॉ गोविन्द सिंघल और डीपीओ एनएचएम नरेन्द्र वर्मा भी उनके साथ रहे। सीएमएचओ डॉ नागर ने अस्पताल स्टाफ को ड्रेस कॉड मे रहने, बैच एवं नेम प्लेट लगाने के निर्देश दिए।प्रसव कक्ष को देखा, प्रसूताओं के पार्टोग्राफ भरने के निर्देश दिए। वार्ड में जाकर प्रसूताओं और प्रसूता के परिजनों से सेवाओं और सुविधाओं के बोर में फीडबैक लिया। बायोमेडकल वेस्ट के नवीनतम नियमों का पालन करने के निर्देश दिए। नि:शुल्क दवा योजना के तहत दवाईयों की निर्धारित मात्रा में उपलब्धता रखने, मरीजों को नि:शुल्क जांच योजना के तहत सभी निर्धारित जांचों का लाभ देने के निर्देश दिए। 100 दिवसीय टीबी उन्मूलन अभियान के प्रगति की जानकारी ली। सभी विभागीय योजनाओं के प्रगति की समीक्षा कर पात्र लाभार्थियों को लाभान्वित करने के निर्देश दिए।

प्रतियोगिता में गोल्ड मैडल जीता

छबड़ा (निसं)। छबडा क्षेत्र के बिशनखेडा निवासी विकास कश्यप नेपाल में खेलो इंडिया द्वारा आयोजित अंडर 17 कबड्डी प्रतियोगिता का फाइनल जीत कर गोल्ड मेडल पर कब्जा कर छबडा लौटेंगे। प्राप्त जानकारी के अनुसार नेपाल में चल रहे खेलो इंडिया के तरफ से अंडर 17 कबड्डी टीम में भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए विकास कश्यप ने बारां जिले के नाम रोशन किया। फाइनल मैच में नेपाल व भारत की बीच हुए अंडर 17 इनरनेशनल कबड्डी मैच में भारत ने 5 पॉइंट से जीतकर गोल्ड मेडल पर कब्जा किया। कश्यप, भोई, धीवर, केवट, ढीमर समाज कार्यकारणी अध्यक्ष गिरिराज प्रसाद कश्यप, महासचिव सरजन तितरखेडी, कोषाध्यक्ष रामस्वरूप केवट, उपाध्यक्ष तुलसीराम कश्यप, सचिव भोजराज कश्यप, सदस्य अजित केवट व घनश्याम केवट सहित समाज के लोगो व कस्बेवासियों द्वारा विकास कश्यप के छबडा लौटने पर स्वागत किया जाएगा।

छात्रवृत्ति के सम्बन्ध में वीसी आज

कोटा, (निसं)। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग द्वारा संचालित उत्तर मैट्रिक छात्रवृत्ति के सम्बन्ध में महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त करने तथा विद्यार्थियों के सवालों का समाधान के लिए 23 जनवरी को सायं 4 से 5 बजे तक अतिरिक्त मुख्य सचिव तथा निदेशक की अध्यक्षता में विद्यार्थियों और उनके माता-पिता के साथ वीडियो कॉन्फ्रेन्स आयोजित की जाएगी। संयुक्त निदेशक सविता कृष्णिया ने बताया कि विद्यार्थी और उनके माता-पिता मीटिंग लिंक पर जाकर वीडियो कॉन्फ्रेन्स से जुड़कर छात्रवृति से संबंधित जानकारी प्राप्त कर सकते हैं एवं अपने प्रश्न पूछ सकते हैं। वीडियो कॉन्फ्रेन्स में भाग लेने की पुष्टि करने के लिए लिंक पर जा सकते हैं।

जागरूकता शिविर कल

कोटा, (निसं)। डॉ.भीमराव अम्बेडकर राजस्थान दलित आदिवासी उद्यम प्रोत्साहन योजनान्तर्गत जिला उद्योग एवं वाणिज्य केन्द्र द्वारा 24 जनवरी को पंचायत समिति लाडपुरा में दोपहर 12 से सायं 4 बजे तक जागरूकता शिविर का आयोजन किया जाएगा। जिसमें बीआरयूपीवाई योजनान्तर्गत आवेदकों को आमंत्रित किया जाकर उनके आवेदन पत्र तैयार कराये जायेंगे। महाप्रबंधक जिला उद्योग केन्द्र हरिमोहन शर्मा ने बताया कि शिविर में विभिन्न विभागीय योजनाओं की जानकारी प्रदान की जायेगी एवं शिक्षित बेरोजगार युवाओं को स्वरोजगार योजना से संबंधित ऋण आवेदन पत्र भरवाने के सम्बन्ध में आवश्यक कार्यवाही की जायेगी।

धार्मिक कार्यक्रम आयोजित

छबड़ा (निसं)। अयोध्या में भगवान राम की प्राण प्रतिष्ठा का एक साल पुरा होने पर बुधवार को शहर के मंदिरों में कई धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए गए और प्रसादी वितरित की गई। इस अवसर नीमथूर मंदिर, एडियान मंदिर, रामधाम, नागेश्वर मंदिर पर धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। निपानिया रोड पर छापरी मंदिर पर भी भगवान राम की प्राणप्रतिष्ठा कार्यक्रम मनाया गया। रामगोपाल नागर के अनुसार छापरी सहित देवदास महाराज के सानिध्य में पूजा अर्चना की गई और ग्रामीणों व श्रृद्धालुओं को प्रसादी वितरित की गई। रामधाम मंदिर पर चल रही अखंड रामायण के साथ त्यागी महाराज के सानिध्य में विशेष पूजा अर्चना की गई।

17 ट्रांसफार्मर जब्त किए

छबड़ा (निसं)। विद्युत विभाग द्वारा बुधवार को छबडा क्षेत्र के आधा दर्जन गांवों में अवैध ट्रांसफार्मरों के विरुद्ध कार्रवाई करते हु 17 ट्रांसफार्मर जब्त किए। विद्युत विभाग के सहायक अभियंता मोहम्मद अंसार ने बताया कि विद्युत विभाग की टीम ने कंजर बस्ती, घट्टा, मानपुरा, कडैयाचोर, आशाखेडी व कडैयाहाट गांव में अवैध ट्रांसफार्मरों के विरुद्ध कार्रवाई करते हु 17 ट्रांसफार्मर जब्त किए। जिनमें 15 ट्रांसफार्मर सिंगल फेस व दो ट्रांसफार्मर थ्री फेस शामिल है। ऐसी कार्यवाही आगे भी जारी रहेगी।

तहसीलदार ने ई.ओ. का पदभार संभाला

छबड़ा (निसं)। नगर पालिका में ईओ का पद रिक्त होने पर तहसीलदार ने बुधवार को पालिका पहुंचकर ईओ का अतिरिक्त कार्यभार संभाला। उल्लेखनीय है कि पालिका में ईओ का कार्यभार जेईएन संदीप गहलोत के पास था। जेईएन गहलोत का स्थानांतरण हो जाने से पद रिक्त हो गया। जिला कलेक्टर के आदेश से तहसीलदार यादवेन्द्र यादव ने बुधवार को पालिका पहुंचकर ईओ का अतिरिक्त कार्यभार संभाला। यादव ने बताया कि आमजन के कार्य प्राथमिकता से किए जाएंगे।

रोजगार सहायता शिविर 29 को

कोटा, (निसं)। रोजगार सहायता शिविर 29 जनवरी को प्रात: 10 से सायं 4 बजे तक महाराव उम्मेद सिंह स्टेडियम में आयोजित किया जाएगा। जिसमें युवाओं को निजी क्षेत्र में रोजगार एवं रोजगार परक प्रशिक्षण के विशेष अवसर प्राप्त होंगे। उप निदेशक उप क्षेत्रीय रोजगार कार्यालय मनोज कुमार पाठक ने बताया कि शिविर में भाग लेने के लिए आशार्थी क्यू-आर कोड के माध्यम पंजीयन कर सकते हैं। शिविर स्थल पर भी आशार्थी क्यू-आर कोड के माध्यम से अपना पंजीयन कर सकते हैं। शिविर में राज्य एवं राज्य से बाहर की विभिन्न निजी कम्पनियां से टेक्नीशियन, ऑफिसर, फील्ड ऑफिसर, सर्विस इंजीनियर, टेक्निकल ऑपरेटर एवं सिक्योरिटी सुपरवाइजर आदि पदों के लिए लगभग 800 रिक्तियां प्राप्त हुई हैं। इन पदों के लिए न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता दसवीं 10वीं, 12वीं, स्नातक, कम्प्यूटर जानकार, आईटीआई, डिप्लोमाधारी है। आयु 18 से 35 वर्ष निर्धारित है। शिविर में विभिन्न पदों के लिए आशार्थियों का प्रारम्भिक चयन किया जाएगा। भारतीय जीवन बीमा निगम एवं अन्य बीमा कम्पनियां बीमा अभिकर्ताओं के लिए चयन करेंगे। शिविर में रोजगार के लिए कौशल विकास के लिए प्रशिक्षण देने वाले विभिन्न प्रशिक्षण संस्थान रोजगार प्रशिक्षण के लिए आशार्थियों का चयन करेंगे।

कोटा स्टेशन पर डी.आर.एम. ने यात्री सुविधाओं का औचक निरीक्षण किया

कोटा, (निसं)। मंडल रेल प्रबंधक अनिल कालरा ने कोटा रेलवे स्टेशन पर यात्री सुविधाओं एवं सुरक्षा व्यवस्थाओं का औचक निरीक्षण किया। कोटा स्टेशन पर 207.63 करोड़ की लागत से अत्याधुनिक यात्री सुविधाओं से लैस स्टेशन पुनर्विकास कार्य किया जा रहा है।

स्टेशन पुनर्विकास कार्य के दौरान यात्रियों को होने वाली असुविधाओं का संबंधित अधिकारियों के साथ मंगलवार को देर शाम गहनता से निरीक्षण किया। डीआरएम ने औचक निरीक्षण के दौरान स्टेशन पर पुनर्विकास कार्य के निर्धारित स्थानों पर पर्याप्त यात्रियों की सुरक्षा के लिए बेरीकेट्स, शौचालयों की साफ-सफाई, स्टेशन परिसर, प्लेटफॉर्म पर स्वच्छता, पार्सल व्यवस्था, पार्किंग सुविधाओं को संज्ञान में लिया। संबंधित अधिकारियों को डीआरएम ने यात्री सुविधाओं को बेहतर करने के निर्देश दिए जिससे यात्रियों को पुनर्विकास कार्य के दौरान परेशानी का सामना न करना पड़े। स्टेशन पर साफ-सफाई व्यवस्था की सतत् निगरानी एवं सुनिश्चित के निर्देश दिए। साथ ही स्टेशन के पुनर्विकास कार्य को निर्धारित समय अवधि में गुणवत्ता के साथ पूरा करने का निर्देश दिया।

इस दौरान डीआरएम के साथ वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक सौरभ जैन, वरिष्ठ मंडल इंजीनियर (समन्वय) संजय यादव, वरिष्ठ मंडल यांत्रिक इंजीनियर (समन्वय) आरके मीना, सहायक परिचालन प्रबंधक शशि भूषण शर्मा एवं सहायक सुरक्षा आयुक्त सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

कोटा डी.आर.एम. अनिल कालरा ने औचक निरीक्षण किया।

फुल ड्रेस रिहर्सल कल

कोटा, (निसं)। जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह का अंतिम पूर्वाभ्यास 24 जनवरी को प्रात: 9:15 बजे महाराव उम्मेद सिंह स्टेडियम में आयोजित किया जायेगा। इसमें मुख्य समारोह में होने वाले कार्यक्रमों का फुल ड्रेस रिहर्सल प्रस्तुत किया जायेगा।

माँ भारती पीजी कॉलेज में रोड सेफ्टी पर रैली व पोस्टर प्रतियोगिता संपन्न

कोटा, (निसं)। माँ भारती पीजी कॉलेज, कोटा की एनएसएस इकाई के सहयोग से सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत पोस्टर प्रतियोगिता व जागरुकता रैली आयोजित की। पोस्टर में विद्यार्थियों ने हेलमेट, सीट बेल्ट से सुरक्षा व युवाओ की महती भूमिका विषय पर रंग उकेरे।

साथ ही विद्यार्थियों ने जागरूकता रैली निकाली जिसमे जोश -खरोश से लबरेज़ नारे लगाए व तख्तियों लेकर चले। इस कार्यक्रम में छात्रों, शिक्षकों और गणमान्य व्यक्तियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्राचार्या डॉ श्वेता सक्सेना के अनुसार छात्रों ने सड़क सुरक्षा के महत्वपूर्ण विषयों जैसे हेलमेट का उपयोग, ट्रैफिक सिग्नल का पालन और लापरवाह ड्राइविंग से बचाव को रचनात्मक रूप से प्रस्तुत किया। इस अवसर पर माँ भारती ग्रुप के निदेशक दिनेश विजय , कोटा सड़क सुरक्षा समिति के सहसचिव भुवनेश गुप्ता व जगदीश गांधी उपस्थित थे। दिनेश विजय ने कहा कि विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा के महत्वपूर्ण पहलुओं जैसे "राईट ऑफ वे" (सड़क पर प्राथमिकता अधिकार), गलत दिशा में ताकि मानवता के नाते भी हम समाज के प्रति दायित्व निभा सकें। आयोजन में बतौर अतिथि डॉ.रीना मीना, एनएसएस समन्वयक (कोटा जिला), सचिन पाटोदिया, युवा अधिकारी, पंकज शर्मा, एनजीओ अध्यक्ष उपस्थित थे। एनएसएस स्वयंसेवकों द्वारा रैली निकाली। उन्होंने महावीर नगर चौराहा पर "मानव श्रृंखला" बनाई, जहां उन्होंने हेलमेट पहनने और सुरक्षित ड्राइविंग प्रथाओं को बढ़ावा देने का संदेश दिया।

कोटा में रोड सैफ्टी पर रैली आयोजित की गयी।

सीएमएचओ डॉ. नागर की अध्यक्षता में बैठक हुई

रामगंजमंडी (निसं)। ब्लॉक खैराबाद में बुधवार को सीएमएचओ की अध्यक्षता में ब्लॉक मीटिंग सम्पन्न हुई।सीएमएचओ डॉ.नरेन्द्र नागर द्वारा समस्त स्टॉफ को विभागीय योजनाओं की पूर्ण जानकारी रखते हुए कार्य में प्रगति लाने हेतु निर्देशित किया गया।

साथ ही डिप्टी सीएमएचओ एफडब्ल्यू द्वारा परिवार कल्याण एवं आयुष्मान अरोग्य मंदिर की रिपोर्ट एवं आयुष्मान कार्ड व ई-केवाईसी की समीक्षा की गई।वहीं डीटीओ द्वारा 100 दिवसीय टीबी मुक्त कार्यक्रम की समीक्षा की गई एवं आरसीएचओ द्वारा राष्ट्रीय टीकाकरण एवं मां वाउचर कार्यक्रम की समीक्षा की गई और डीपीएम द्वारा पीसीटीएस (चबजे) पोर्टल एवं आईएचएमएस पोर्टल पर कम स्कोर वाले संस्थान को सुधार हेतु पाबंद किया गया। बीसीएमओ राजेन्द्र कुमार मीणा द्वारा जिला स्तर से आए अधिकारियों का अभिनंदन किया गया साथ ही समस्त स्टाफ को अपनी संस्था पर पाए गए गेप (ळाच) को पूर्ण निस्तारित करने हेतु निर्देश दिए गए। ब्लॉक प्रोग्राम ऑफिसर आरती शर्मा द्वारा विभागीय कार्यक्रमों में पिछड़ी संस्थाओं की जानकी दी गई।

समाजसेवी भुवनेश गुप्ता का राज्य स्तर पर सम्मान हुआ

कोटा, (निसं)। सड़क सुरक्षा माह के दौरान लोगों को समझाईश कर यातायात नियमों की जानकारी देने, नुक्कड़ नाटक कर आमजन को समझाने, चिकित्सकों के व्याख्यान करवाने और दुर्घटना के दौरान मरीज के सम्बंध में जानकारी देने, पुष्प भेंट कर समझाइश करने सहित विभिन्न आयोजन कर जन-जन में रोड सेफ्टी की अलख जगाने पर कोटा के समाजसेवी व कोटा सड़क सुरक्षा समिति के सहसचिव भुवनेश गुप्ता का राज्य स्तर पर पुलिस प्रशासन द्वारा बुधवार को जयपुर में सम्मान किया गया।

अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस एवं निदेशक, राजस्थान पुलिस अकादमी, जयपुर के आदेशानुसार 22 एवं 23 जनवरी 2025 को कपैसिटी बिल्डिंग ट्रेनिंग प्रोग्राम ऑन रोड सेफ्टी विषय पर 2 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है, इस कार्यक्रम के माध्यम से जहां समाजसेवियों को आने वाले समय में ट्रैफिक को लेकर बताया गया।

वहीं पुलिस की जिम्मेदारियां, उनका दायित्व व जिस तरह से लगातार एक्सीडेंट हो रहे हैं और 25 से 40 साल के युवाओं की जान जा रही है, इस चिंताजनक विषय पर भी मंथन किया गया। कार्यक्रम के प्रथम दिवस पर भुवनेश गुप्ता को प्रशस्ति पत्र, मोमेंटों भेंट कर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में परिवहन सचिव व आयुक्त राजस्थान सरकार सुची त्यागी, राजस्थान पुलिस के अतिरिक्त महानिदेशक ख्एटीसी एसओजी, वीके सिंह, अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक ख्तकनीकी व परिवहन, अनिल पालीवाल, पुलिस अधीक्षक दीपक भार्गव 'एसओजी, सहित कई उच्चाधिकारियों द्वारा भुवनेश गुप्ता को सम्मानित किया गया।

कोटा की बेटी इशिता पाण्डेय को 5 ब्रिटिश और 6 अमेरिकी विश्वविद्यालयों से उच्च शिक्षा के लिए चयनित

कोटा, (निसं)। कोटा की प्रतिभाशाली छात्रा इशिता पाण्डेय ने एक बार फिर शहर का नाम रोशन कर दिया है। इशिता को ब्रिटेन के पांच प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों सिटी युनिवर्सिटी ऑफ लंदन, गोल्ड स्मिथ ऑफ लंदन, द युनिवर्सिटी ऑफ शेफिल्ड, युनिवर्सिटी ऑफ लीड्स, युनिवर्सिटी ऑफ आर्ट्स लंदन में जर्नलिज्म एवं कम्यूनिकेशन के क्षेत्र में कॉलेज अध्ययन के लिए स्वीकृति मिल चुकी है।

इशिता को अमेरिका के छह प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों से भी स्वीकृति मिली है। इनमें यूनिवर्सिटी ऑफ साउदर्न कैलिफोर्निया के एननबर्ग स्कूल फॉर कम्युनिकेशन एंड जर्नलिज्म, एरिजोना स्टेट यूनिवर्सिटी का वॉल्टर क्रोनकाइट स्कूल ऑफ जर्नलिज्म, स्टोनी ब्रुक यूनिवर्सिटी, पर्ड्यू यूनिवर्सिटी, और ड्रेक्सल यूनिवर्सिटी शामिल हैं। यह उपलब्धि किसी भी विद्यार्थी के लिए गर्व का विषय है और इशिता ने अपने मेहनत और दृढ़ संकल्प से इसे हासिल किया है। इशिता पाण्डेय को सितम्बर 2024 में लंदन (यू.के.) में पॉलिटिक्स, हिस्ट्री एवं फिलोसॉफी तीन विषयों में जॉन लॉक ग्लोबल एस्से अवॉर्ड से सम्मानित किया गया था। इन तीनों विषयों में सर्टिफिकेट ऑफ मेरिट प्राप्त करने वाली भारत की प्रथम छात्रा थी।

■ इशिता ने ए विण्डो टू द वर्ल्ड ऑफ वण्डर, ड्रीम बिग, फ्लाई हाई -55 जर्नीज टू इंन्सपायर यंग माइंण्ड्स एवं नामक 2 पुस्तकें भी लिखी है

इशिता ने 'ए विण्डो टू द वर्ल्ड ऑफ वण्डर, ड्रीम बिग, 'फ्लाई हाई-55 जर्नीज टू इंनसपायर यंग माइंण्ड्स एवं नामक 2 पुस्तकें भी लिखी है जो उन्होंनें ऑक्सफॉर्ड समर कोर्स के दौरान कोर्स डायरेक्टर स्टीफन डेविस को भी भेंट की थी। इन पुस्तकों की उन्होंनें प्रशंसा की थी। इशिता की इस उपलब्धि ने न केवल कोटा बल्कि पूरे राजस्थान को गर्वित किया है। उनकी कहानी उन सभी युवाओं के लिए प्रेरणा है जो अपने सपनों को साकार करने के लिए कड़ी मेहनत कर रहे है।

इशिता पाण्डेय, जयश्री पेरिवाल इंटरनेशनल स्कूल, जयपुर की कक्षा-12 की छात्रा हैं, एवं उनके माता-पिता, सुवि नेत्र चिकित्सालय कोटा के नेत्र सर्जन डॉ. सुरेश पाण्डेय, डॉ. विदुषी शर्मा की पुत्री हैं। इशिता ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, जयश्री पेरीवाल स्कूल की डॉ.जयश्री पेरीवाल, आयुष पेरीवाल, आकृति पेरीवाल, अंजलि बंसल, अपने सभी शिक्षकों और मार्गदर्शकों को दिया है। इशिता के अनुसार उन्हें इस मुकाम तक पहुँचाने में उनकेइ स्कूल, शिक्षकों, और उनके परिजनों का अहम योगदान है। उनकी प्रेरणा और सहयोग के बिना यह संभव नहीं था।



ऑक्सफॉर्ड समर कोर्स के दौरान ऑक्सफॉर्ड (यू.के.) में निदेशक स्टीफन डेविस को इशिता पाण्डेय ने अपनी दो पुस्तकें भेंट की।

खोया-पाया

मेरे मकान नं. 5 B 6 तलवण्डी कोटा की सम्पूर्ण मूल पत्रावली जिसमें आवंटन पत्र, कब्जा पत्र, नोड्यूज, कन्वेन्सडीड एवं परपूचल डीड आदि है जिसको मिले कृपया सम्पर्क करें:- शिव चरण जोशी, मो.नं. 9214377763

राजस्थान सरकार
कार्यालय सहायक आयुक्त देवस्थान विभाग कोटा खण्ड कोटा

राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 23 के अधीन नोटिस
समस्त संबंधित व्यक्तियों को
मुकदमा नम्बर 04/2025
(नाम वर्णन तथा निवास स्थान)

चूंकि श्री सत्यनारायण सोमानी पुत्र श्री प्रभुलाल कोषाध्यक्ष ग्राम कनवास तहसील सांगोद जिला कोटा द्वारा राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 23 के अंतर्गत प्रन्यास "महेश पूण्यार्थ सेवा न्यास चेरिटेबल ट्रस्ट" ग्राम कनवास तहसील सांगोद जिला कोटा के नाम परिवर्तन को दर्ज अभिलेख करने हेतु जांच किए जाने के लिए प्रपत्र संख्या 8 में आवेदन पत्र दिया है।

अतएव धारा 23 में प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यासियों में हुए परिवर्तन कराने हेतु, जिसकी जांच की जा रही है, में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिए, यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से 30 दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के संबंध में आपत्तियां यदि कोई हो तो प्रस्तुत करें।

और सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां प्रस्तुत नहीं की गई तो उक्त आवेदन-पत्र निर्धारित प्रक्रिया अनुसार निर्णित किया जावेगा तथा जांच प्रपत्र मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा।

आज दिनांक 21.01.2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय की मोहर के अधीन जारी किया गया। प्रकरण में आगामी सुनवाई की दिनांक 24.02.2025 है।

सहायक आयुक्त
देवस्थान विभाग कोटा

सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पूरणमल शर्मा पुत्र बजरंग लाल शर्मा की खरीद शुदा संपत्ति भूखंड संख्या 411 केशवपुरा सेक्टर-6 कोटा जिसे कार्यालय आदेश दिनांक 31-03-2013 द्वारा नगर विकास न्यास कोटा द्वारा श्रीमती चंद्रकला शर्मा पत्नी स्व. पूरणमल शर्मा के नाम हस्तांतरित कर दिया गया था, स्थित है। श्रीमती चंद्रकला शर्मा के द्वारा एच डी एफ सी बैंक लिमिटेड से ऋण लिया हुआ था तथा उक्त संपत्ति के समस्त असल दस्तावेज एच डी एफ सी बैंक लिमिटेड में रहन कर रखे हैं। चंद्रकला शर्मा का दिनांक 28-07-2018 को देहांत हो चुका है। चंद्रकला शर्मा के पुत्र पवन शर्मा ने जाहिर किया है कि उनके अतिरिक्त उनके अतिरिक्त स्व. चंद्रकला शर्मा के पुत्र देवेंद्र शर्मा व पुत्री शशि अनिल वैष्णव ही विधिक वारीसान हैंइनके अतिरिक्त और कोई विधिक वारीसान नहीं है। उक्त संपत्ति के पेटे लिए हुये ऋण की पूर्ण आदायगी एच डी एफ सी बैंक लिमिटेड को की जा चुकी है। श्रीमती चंद्रकला शर्मा के पुत्र पवन शर्मा उक्त संपत्ति के समस्त असल दस्तावेज को प्राप्त करना चाहते हैं। यदि इस संबंध में किसी भी व्यक्ति, संस्था इत्यादि को किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो मय दस्तावेज सूचना प्रकाशन तिथि के 7 दिवस में अधोहस्ताक्षरकर्ता या एच डी एफ सी बैंक लिमिटेड शाखा विज्ञान नगर कोटा के समक्ष लिखित आपत्ति मय दस्तावेज प्रस्तुत करें। बाद गुजरने मियाद सूचना कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी। सूचित हो।

दिनांक 22.01.2025
एडवोकेट संदीप जैन
583 ए तलवंडी कोटा
मोबाइल 9829180432

बैंक ऑफ़ बड़ौदा Bank of Baroda

झालावाड़ रोड़ शाखा, कोटड़ी चौराहा, कोटा, राजस्थान-324007,
फोन नं.: 0744-2391880, 2391087, 2391330
ई-मेल: kotraj@bankofbaroda.co.in

लॉकर धारक को नोटिस

यह उन मूल्यवान संरक्षकों की जानकारी के लिए है जिन्होंने बैंक की शाखा में लॉकर किराये पर लिया हैं और समय पर किराये का भुगतान नहीं किया है, बैंक के दिशानिर्देशों के अनुसार किरायेदार को उनके रिकॉर्ड किए गए पते पर नोटिस भेजा गया लेकिन कोई प्रतिक्रिया प्राप्त नहीं हुई। अब यह अंतिम नोटिस नीचे नामित व्यक्ति को संबंधित शाखा झालावाड़ रोड़ से संपर्क करने और 90 दिनों की अवधि अर्थात दिनांक 24.04.2025 के भीतर बैंक की बकाया राशि को चुकाने के लिए दिया जाता है, ऐसा न करने पर बैंक अपने खर्चे, जोखिम और जिम्मेदारी पर लॉकर को खोलने के लिए आगे बढ़ेगा। और बैंक बकाया किराया, लागत और अन्य शुल्कों की वसूली के लिए मालसूची पर धारणाधिकार के अपने अधिकार का प्रयोग करेगा।

क्रं. सं.	लॉकर धारक के नाम सहित संयुक्त धारक	लॉकर धारक का पता	लॉकर सं. और प्रकार	दिनांक से अतिदेय
1	श्रीमती सरिता सोलंकी पत्नी स्व. राजेन्द्र सिंह सोलंकी	39, गंगेश्वर महादेव, छोटी पुलिया के पास, कोटा, राजस्थान	पुराना गुमानपुरा 39 नया 0837AX0790	19.02.2021

दिनांक: 22.01.2025
स्थान: कोटा
हस्ता.
प्राधिकृत अधिकारी
बैंक ऑफ बड़ौदा

पश्चिम मध्य रेल

सामग्री प्रबंधन विभाग
भंडार आपूर्ति हेतु 'ई'-निविदा सूचना संख्या/ईपीएस/57/2025)

प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबंधक,पश्चिम मध्य रेल, भारत के राष्ट्रपति की ओर से ई-खरीद प्रणाली के जरिये निम्नलिखित विज्ञापन निविदायें आमंत्रित करते हैं। कोई भी हस्तलिखित/डाक प्रस्ताव स्वीकार नहीं किये जायेंगे। पूर्ण विवरण/विनिर्देशन के लिए वेबसाइट https://ireps.gov.in पर ई निविदा संबंधी जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

क्रमांक	टेंडर नं.	अंतिम विवरण	निविदा मात्रा	नियत तारीख:
1	65245008A	3 टन ईओटी क्रेन	02 संख्या	17.02.2025
2	20245018	भूलभुलैया और बियरिंग कैप का सेट	240 सेट	17.02.2025
3	38241584A	शैंक वियर प्लेट के साथ कपलर बॉडी	500 संख्या	17.02.2025
4	40245039A	यात्री एस्केलेटर की आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण और कमीशनिंग	06 संख्या	17.02.2025
5	38244120	पॉली लाइनिंग ऊपर और नीचे	19846 सेट	20.02.2025,

50 लाख रूपये से कम अनुमानित मूल्य वाली निविदाओं के लिए इच्छुक फर्मों को www.ireps.gov.in पर जाने की सलाह दी जाती है।

प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबंधक
पश्चिम मध्य रेलवे, जबलपुर

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर

कार्यालय कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा

क्रमांक:-एफ-15/कु.भू.रू./2025/856 विज्ञप्ति दिनांक:-13.1.2025

सर्व साधारण को जर्ये विज्ञप्ति सूचित किया जाता है कि ग्राम बालिता में स्थित कृषि भूमि योजना मेपल पार्क खसरा नं. 233 के भूखण्ड संख्या 34 ऑनलाईन नाम हस्तान्तरण हेतु प्राधिकरण में भूपेन्द्र गौस्वामी पुत्र श्री बद्री प्रसाद गौस्वामी निवासी 1028, महावीर नगर द्वितीय कोटा द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। उक्त भूखण्ड का पट्टा क्रमांक 204 दिनांक 11.03.2022 द्वारा श्री योगेन्द्र गौतम पुत्र श्री रामनाथ वर्मा के नाम जारी किया गया था। पट्टेधारी द्वारा उक्त भूखण्ड का बैचान जर्ये रजि. विक्रय पत्र दिनांक 18.11.2022 को श्री बृजेश योगी पुत्र श्री श्रीलाल योगी को किया गया था। क्रेता द